भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

24.06.2024 –
अखिल भारतीय

# प्रैस विज्ञप्ति

## भारतीय जीवन बीमा निगम के पॉलिसी-धारकों को सूचना

यह हाल ही में उत्पाद/सेवा से संबंधित समाचार लेखों और अन्य प्रकाशनों के संदर्भ में है जिसमें कुछ संस्थाओं द्वारा भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के मौजूदा पॉलिसीधारकों को एक विकल्प के रूप में पॉलिसी सरेंडर करने के बजाय उनकी पॉलिसियों को हासिल करने (बिक्री/स्थानांतरण,असाइनमेंट या अन्यथा के माध्यम से) की पेशकश की गयी है।

हमारे सभी पॉलिसीधारकों के हित में, हम यह स्पष्ट करना चाहते है कि :

1 एलआईसी का ऐसी किसी इकाई, या ऐसी संस्थाओं द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे उत्पादों और/या सेवाओं से कोई संबद्ध नहीं है, और एलआईसी के पूर्व कर्मचारियों/कार्मिकों द्वारा दिया गया कोई भी बयान ऐसे व्यक्तियों का व्यक्तिगत है। हम इसके संबंध में किसी भी जिम्मेदारी या दायित्व से इनकार करते हैं।

2 एलआईसी पॉलिसियों की कोई भी बिक्री/हस्तांतरण या असाइनमेंट बीमा अधिनियम, 1938, धारा 38 सहित, के अनुसार किया जाना चाहिए। एलआईसी लागू कानूनों के तहत, पॉलिसियों की किसी भी बिक्री/हस्तांतरण या असाइनमेंट पर कार्रवाई करने से इनकार कर सकता है, जहां एलआईसी के पास यह मानने का पर्याप्त कारण है कि ऐसी बिक्री/स्थानांतरण या असाइनमेंट बोनाफाईड नहीं है **या** पॉलिसीधारक के हित में नहीं है **या** सार्वजनिक हित में नहीं है **या** बीमा पॉलिसी के व्यापार के उद्देश्य से है।

हम सभी पॉलिसीधारकों से आग्रह करते हैं कि वे अपनी पॉलिसी पर कोई भी निर्णय लेने से पहले पूरी सावधानी बरतें, क्योंकि इससे उनकी वित्तीय सुरक्षा और उनके परिवार के लिए जोखिम कवर खतरे में पड़ सकता है। किसी भी प्रस्ताव पर विचार करने से पहले, कृपया हमारी शाखाओं में किसी भी एलआईसी अधिकारी से परामर्श लें।

हम भारतीय जीवन बीमा निगम में पारदर्शिता व पॉलिसी धारकों के हितो कि सुरक्षा हेतु प्रतिबद्ध है।

24 जून,2024 को मुंबई में दिनांकित

अधिक जानकारी हेतु कृपया संपर्क करे : कार्यकारी निदेशक (नि.स.) भारतीय जीवन बीमा निगम,केंद्रीय कार्यालय, मुंबई
ईमेल आईडी : ed_cc@licindia.com । हमे www.licindia.in पर विजिट करे

---

हमारा मानना है कि इस विज्ञप्ति में निहित समाचार आपके पाठकों के लिए उपयोगी हैं। हालाँकि हम इसे यथाशीघ्र प्रकाशित करने के लिए आपको धन्यवाद देंगे, हम यह भी स्वीकार करते हैं कि ऐसा करने का निर्णय पूरी तरह से आप पर निर्भर है।